**स्पाइसेस बोर्ड**
**(वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार)**
**सुगन्ध भवन, एन एच बाईपास, पी.बी संख्या. 2277**
**पालारिवट्टम पी.ओ. कोच्ची-682025,**
**www.indianspices.com फोन- 0484-2333610-616**

**प्रशा./नियुक्ति/02/2020-21-भाग(1)**

**अधिसूचना संख्या.40/2025**

**स्पाइसेस बोर्ड, कोच्ची, केरल में अल्पकालित संविदा पर सलाहकार का चयन**

स्पाइसेस बोर्ड, अपने कोच्ची स्थित मुख्यालय में, अल्पकालिक संविदा पर नीचे दिए गए विवरण के अनुसार, सलाहकार की नियुक्ति का प्रस्ताव रखता है। यह नियुक्ति अल्पकालिक संविदा के आधार पर होगी, जिसकी प्रारंभिक अवधि तीन महीने होगी, जिसे कार्य-निष्पादन के आधार पर आगे बढ़ाया जा सकता है। पात्रता मानदंड, योग्यता, कौशल, अनुभव, ज़िम्मेदारियाँ आदि विवरण नीचे दिए गए है:

| | | |
|---|---|---|
| 1 | आवश्यक कार्मिक संख्या | एक (01) |
| 2 | योग्यता | **आवश्यक:**<br>अर्थशास्त्र/अर्थमिति/कृषिअर्थशास्त्र/सांख्यिकी/अनुप्रयुक्त सांख्यिकी/कृषि सांख्यिकी/डेटा विज्ञान और संबंधित विशेषज्ञता में पीएचडी।<br>**वांछित:**<br>विदेशी व्यापार, व्यापार अनुबंध, टैरिफ, विदेशी व्यापार नीति और संबद्ध विषयों में अनुसंधान विशेषज्ञता को प्राथमिकता दी जाएगी। |
| 3 | अनिवार्य कौशल | • डेटा विश्लेषण/व्याख्या/आर्थिक प्रभाव आकलन कौशल, विशेष रूप से व्यापार, नीति आदि के क्षेत्र में।<br>• मजबूत विपणन और पारस्परिक कौशल।<br>• अंग्रेजी पर अच्छी पकड़। |
| 4 | प्रमुख जिम्मेदारियाँ | विभिन्न व्यापार नीतियों/टैरिफ और गैर-टैरिफ उपायों के आर्थिक प्रभाव, वैश्विक रुझानों, मौजूदा और उभरते बाजारों, नए उत्पाद अवसरों , मसालों और मूल्यवर्धित मसाला उत्पादों आदि के प्रमुख निर्यातकों और आयातकों द्वारा अपनाई गई नीतियों/उपायों का मानचित्रण और उन तक पहुंच बनाना आदि का विश्लेषण करना। |

| | | |
|---|---|---|
| 5 | अनुभव | आवश्यक: शून्य<br>वांछनीय: विदेशी व्यापार, व्यापार अनुबंध, टैरिफ, विदेशी व्यापार नीति और संबद्ध विषयों में कार्य अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी। |
| 6 | स्थान | कोच्ची |
| 7 | परिलब्धियां | रु 50,000/- प्रति माह(समेकित) |
| 8 | अवकाश | प्रति माह एक दिन |
| 9 | उम्र | 40 वर्ष से अधिक नहीं (1 अक्तूबर 2025 तक) |
| 10 | चयन की विधि | वाक इन इंटरव्यू |
| 11 | वाक इन इंटरव्यू के स्थान, दिनांक और समय | स्पाइसेस बोर्ड मुख्यालय, कोच्ची, 7 नवंबर 2025, शुक्रवार को सुबह 10.00 बजे। |

**अभ्यर्थियों के लिए निर्देश:**

1. वाक-इन इंटरव्यू में उपस्थित होने से पहले, आवेदकों को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे पद के लिए ऊपर उल्लिखित पात्रता मानदंडों को पूरा करते है।
2. पात्र अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप (अनुलग्नक-1) में अपने आवेदन, पहचान प्रमाण की मूल प्रति(सरकार द्वारा अनुमोदित), आय, शिक्षा और अनुभव के प्रमाण तथा उपरोक्त प्रमाण पत्रों की स्वयं सत्यापित प्रतियों के एक सेट के साथ उपरोक्त पते पर निर्धारित तिथि और समय पर साक्षात्कार के लिए उपस्थित हो सकते हैं।
3. नियुक्ति पूर्णतः अल्पकालिक संविदा के आधार पर होगी तथा किसी भी परिस्थिति में नियुक्ति को नियमित नहीं किया जाएगा या नियमित नियुक्ति से नहीं जोड़ा जाएगा।
4. चयनित अभ्यर्थी को 200/- रुपये मूल्य के स्टाम्प पेपर पर एक अनुबंध निष्पादित करना होगा।
5. चयनित आवेदकों की रैंक सूची बोर्ड की वेबसाइट( www.indianspices.com) पर प्रकाशित की जाएगी।
6. आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे स्पाइसेस बोर्ड से संचार प्राप्त करने के लिए अपना ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर सक्रिय रखें।
7. यदि किसी भी चरण में यह पता चलता है कि कोई उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता है और/या उसने कोई गलत/झूठी जानकारी दी है या कोई महत्वपूर्ण तथ्य छिपाया है, तो उसकी उम्मीदवारी रद्द मानी जाएगी। यदि चयन के बाद भी इनमें से कोई भी कमी पाई जाती है, तो उसकी सेवाएँ समाप्त की जा सकती हैं। किसी भी प्रकार का प्रचार अयोग्यता माना जाएगा।
8. आवेदकों की आयु, योग्यता आदि के संबंध में पात्रता 1 अक्तूबर 2025 के अनुसार निर्धारित की जाएगी।
9. आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे बोर्ड की वेबसाइट www.indianspices.com पर अधिसूचना/अवसरों की जांच करें और किसी तीसरे पक्ष की वेबसाइट पर उपलब्ध सूचना पर भरोसा न करें।

10. समाप्ति: स्पाइसेस बोर्ड अनुबंध अवधि के दौरान किसी भी समय लिखित नोटिस देकर अनुबंध को समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
11. जिन अभ्यर्थियों ने क्रम सं. दो के अनुसार आवश्यक योग्यता प्राप्त करने/प्रदान करने के लिए सभी आवश्यकताए पूरी कर ली है, तथा डॉक्टरेट डिग्री प्रमाण पत्र की प्रतीक्षा कर रहे है, वे भी चयन प्रक्रिया में भाग ले सकते है, इस संबंध में अनंतिम प्रमाण पत्र/पर्याप्त प्रमाण/दस्तावेजी साक्ष्य वॉक-इन इंट्रव्यू के दौरान प्रस्तुित किए जा सकते है।
12. जो लोग पहले से ही स्पाइसेस बोर्ड में संविदा के आधार पर कार्यरत हैं, चाहे उन्होंने अपना कार्यकाल पूरा किया हो या नहीं, उन्हें दोबारा आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।

**सलाहकार (अल्पकालित संविदा पर) की नियुक्ति के लिए निबंधन और शर्तें**

1. देय पारिश्रमिक 50,000/- रुपये(समेकित) प्रति माह होगा। एक माह में की गई सेवा का पारिश्रमिक अगले माह में देय होगा।
2. नियुक्ति की अवधि अनुबंध के आधार पर होगी, जो शुरु में तीन महीने के लिए होगी, जिसे प्रद्रर्शन के आधार पर आगे बढ़ाया जा सकता है।
3. सलाहकार किसी भी प्रकार के भत्ते या आवास सुविधा जैसे महंगाई भत्ता, परिवहन सुविधा, आवासीय आवास, निजी स्टाफ, सीजीएचएस और चिकित्सा प्रतिपूर्ति आदि का हकदार नहीं होगा।
4. साक्षात्कार, कार्यभार ग्रहण करने या उसके पूरा होने पर कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता देय नहीं होगा। हालाँकि, यदि उन्हें बोर्ड के आधिकारिक कार्य के संबंध में देश के अंदर यात्रा करनी पड़े, तो सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के बाद, उन्हें समान ग्रेड के नियमित कर्मचारी को देय यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता दिया जाएगा।
5. कार्य समय: सलाहकार निर्धारित सामान्य कार्यालय समय (अर्थात, सुबह 9:00 बजे से शाम 5:30 बजे तक, सोमवार से शुक्रवार तक) का पालन कर सकते हैं। हालाँकि, आवश्यकता पड़ने पर सलाहकार समयबद्ध कार्य पूरा करने के लिए छुट्टियों में और कार्यालय समय के बाद भी काम करना पड़ सकता है।
6. अवकाश : सलाहकार को आनुपातिक आधार पर प्रति माह एक दिन का अवकाश प्राप्त होगा। स्वीकार्य अवकाश से अधिक अनुपस्थिति अवधि के लिए सलाहकार को कोई पारिश्रमिक नहीं दिया जाएगा।
7. स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस): सलाहकार के मासिक पारिश्रमिक से यथायोग्य टीडीएस की कटौती की जाएगी। मांग किए जाने पर बोर्ड द्वारा टीडीएस प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा।
8. सलाहकार को इस अधिसूचना में उल्लिखित प्रमुख जिम्मेदारियों पर ध्यान देते हुए, समय-समय पर उसे सौंपे गए सभी कार्यों को पूरा करना होगा।
9. स्पाइसेस बोर्ड में अपने कार्यकाल के दौरान और उसके बाद भी, यह संभव है कि सलाहकार को कुछ महत्वपूर्ण/गोपनीय प्रकृति की कुछ जानकारी प्राप्त हो। वे अपने कार्यकाल के दौरान एकत्रित की गई कोई भी जानकारी किसी ऐसे व्यक्ति को नहीं बताएँगे जो उसे जानने/रखने के लिए अधिकृत न हो।
10. स्पाइसेस बोर्ड, आवश्यकता पड़ने पर, बिना कोई और सूचना दिए या कोई कारण बताए, चयन प्रक्रिया को संशोधित/परिवर्तित/प्रतिबंधित/विस्तारित/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। बोर्ड का निर्णय अंतिम होगा और इस मामले में कोई अपील स्वीकार नहीं की जाएगी।
11. नियुक्ति की समाप्ति: स्पाइसेस बोर्ड निम्नलिखित परिस्थितियों में सलाहकार की नियुक्ति समाप्त कर देगा:

i. सलाहकार सौंपे गए कार्य को पूरा करने में असमर्थ है;
ii. कार्य की गुणवत्ता बोर्ड की संतुष्टि के अनुरूप नहीं है;
iii. सलाहकार बोर्ड द्वारा अंतिम रूप से तय किए गए लक्ष्यों को समय पर प्राप्त करने में विफल रहता है;
iv. सलाहकार में ईमानदारी और निष्ठा की कमी पाई जाती है।
v. बोर्ड के कोई अन्य प्रशासनिक कारण।

नोट: स्पाइसेस बोर्ड अनुबंध अवधि के दौरान किसी भी समय लिखित सूचना देकर अनुबंध समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। यह समाप्ति सूचना, प्राप्ति होने के ठीक अगले दिन प्रभावी होगी।

28 नवंबर 2025
कोच्ची - 25

**प्रभारी निदेशक(प्रशासन)**
**स्पाइसेस बोर्ड**

**अनुलग्नक-1**

**आवेदित अनुबंध का नाम: ………………………………………………………………**

| हाल ही का पासपोर्ट आकार (रंग) |
|---|

| | | |
|---|---|---|
| 1. | अभ्यर्थी का नाम(स्पष्ट अक्षरों में): | |
| 2. | लिंग | पुरुष महिला ट्रांसजेंडर |
| 3. | जाति | एससी/एसटी/ओबीसी/युआर |
| 4. | संचार के लिए पता: | |
| | संपर्क संख्या: | |
| | ई-मेल आईडी: | |
| 5. | स्थाई पता: | |
| | संपर्क संख्या: | |
| | ई-मेल आईडी: | |
| 6. | पहचान प्रमाण प्रस्तुत करें, विवरण सहित: | |
| 7. | पात्रता मानदंड/प्रस्तुत दस्तावेज: | |

| 7.1 | आयु | विवरण | संलग्न दस्तावेज़ (हाँ/नहीं) | सत्यापन(केवल कार्यालयउद्देश्य के लिए) |
|---|---|---|---|---|
| | क) जन्म तिथि (दिन/माह/वर्ष)<br><br>ख) आयु(1 अक्तूबर 2025 तक) | क)<br><br>ख)............साल; ........... महीने; ..................दिन; | | |

| 7.2 | शैक्षणिक योग्यता | विश्वविद्य | उत्तीर्ण | सीजीपीए/ | संलग्न दस्तावेज़ | सत्यापन(केवल |
|---|---|---|---|---|---|---|

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ालय/ संस्था का नाम | होने का वर्ष | ओजीपीए/ प्राप्त प्रतिशत | (हाँ/नहीं) | कार्यालयउद्देश्य के लिए) |
| | | | | | | |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | पूर्व अनुभव का विवरण (यदि कोई हो) | | | | | | |
| | अनुभव का क्षेत्र | अनुभव विवरण | | अवधि | | संलग्न दस्तावेज़ (हाँ/नहीं) | सत्यापन(केवल कार्यालयउद्देश्य के लिए) |
| | | ग्रहित पद (कर्मचारी/ प्रशिक्षु) | संस्था का नाम | से - तक | पूरा हुआ वर्ष और महीना | | |
| | | | | | | | |

**घोषणा**

मैं यहाँ घोषणा करता/करती हूँ कि मैंने अल्पावधि अनुबंध पर सलाहकार के चयन हेतु अधिसूचना पढ़ ली है और ऊपर दिए गए विवरण तथा प्रस्तुत किए गए सहायक दस्तावेज मेरी जानकारी के अनुसार सत्य एवं वैध है।

स्थान: हस्ताक्षर:

दिनांक: नाम: